प्रदेश का पहला स्टील ब्रिज

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा ज़िले** के **कुआकोंडा ब्लॉक में करमतपारा नाले** पर प्रदेश का **पहला स्टील ब्रिज** बनकर तैयार हो गया है। हालाँकि इस पर अभी आवागमन शुरु नहीं किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि **कुआकोंडा-मैलावाडा** के बीच बना यह ब्रिज केवल 20 दिनों में तैयार हुआ है।
- इस तरह के 6 अन्य ब्रिज ज़िले के 3 ब्लॉकों (कटेकल्याण, गीदम तथा कुआकोंडा) के 6 गाँवों- दुधरिास, कोरीरास, बड़ेगुडरा, हड़िपाल, कासोली और नकुलनार में बनेंगे।
- इन ब्रिजों के बनने से इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में होने वाली परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।
- उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र **नक्सल प्रभावित क्षेत्र** हैं। यहाँ स्टील के ब्रिज बनाने में सुरक्षाबलों के कैंपों की भी ज्यादा आवश्यकता नहीं होती। स्टील के ब्रिज आसानी से और कम समय में बनकर तैयार हो जाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-first-steel-bridge